# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

**शुक्रवार, दिनांक 27 जुलाई, 2012 (श्रावण 5, 1934)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.31 बजे समवेत हुई.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" के गायन से प्रारम्भ हुई।

### 2. अध्यक्षीय घोषणा

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित कथन किया गया :–

"माननीय मुख्यमंत्री महोदय, माननीय नेता प्रतिपक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय, संसदीय कार्य मंत्री महोदय, मंत्रि-परिषद् के सभी सदस्यगण और मेरे सभी विधायक बंधुओं।

भारतीय संसदीय इतिहास में आज हम सब मिलकर एक नया अध्याय जोड़ने जा रहे हैं। भविष्य में जब संसदीय इतिहास की समीक्षा होगी तब आज का दिन मध्यप्रदेश विधान सभा का अत्यंत श्रृद्धा और आदर के भाव से देखा जायेगा। मैं विपक्ष के मित्रों का अत्यंत आदर करना चाहता हूं जिन्होंने सहिष्णुता दिखाकर आसंदी के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया है। माननीय मुख्यमंत्री जी आपने भी सहृदयता के साथ आज के इस शुभ अवसर को प्रदान किया है। इसके लिये सदन आपके प्रति भी अपना आदर व्यक्त करता है।

आपकी और नेता प्रतिपक्ष की पहल पर संसदीय इतिहास में मध्यप्रदेश की विधान सभा की उत्कृष्ट परम्पराओं को आज हम स्थापित करने जा रहे हैं। कहीं हमसे चूक हुई तो हम सतर्क हुये और सतर्कतापूर्वक उस चूक को दुरूस्त करने का भी हमने प्रयास किया है और उसी का परिणाम है आज का यह विशेष सत्र।

मध्यप्रदेश विधान सभा की शानदार परम्परायें आप लोगों के सहयोग पर निर्भर हैं। मध्यप्रदेश की विधान सभा विभिन्न सुगंधदार फूलों का एक शानदार गुलदस्ता है जिसमें फूलों की विविधता एकता का परिचय देती है। आज मैं हृदय से अभिभूत हूं कि हमारी विधानसभा एक नया इतिहास रचने जा रही है और यह इतिहास हिन्दुस्तान के संसदीय इतिहास में अनेकों विधानसभाओं और लोकसभा के लिये पथ प्रदर्शन का काम करेंगा"।

श्री कैलाश विजयवर्गीय, वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार मंत्री द्वारा सदन की भावना के अनुरुप अध्यक्ष महोदय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

### 3. प्रस्ताव

**चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी एवं डॉ. कल्पना परूलेकर का दिनांक 18 जुलाई, 2012 को किया गया निष्कासन निरस्त किये जाने विषयक**

डॉ. नरोत्तम मिश्रा, संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि -

"सभा द्वारा दिनांक 18 जुलाई, 2012 को निष्कासित सदस्य, चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी एवं डॉ. कल्पना परूलेकर द्वारा खेद व्यक्त करते हुए अपने निष्कासन पर पुनर्विचार हेतु किये गये अनुरोध को दृष्टिगत रखते हुए सभा द्वारा चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी एवं डॉ. कल्पना परूलेकर का दिनांक 18 जुलाई, 2012 को किया गया निष्कासन निरस्त किया जाये.".

सदन की सहमति से प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

### 4. राष्ट्रगान

सदन में माननीय सदस्यगण द्वारा खड़े होकर राष्ट्रगान "जन-गण-मन" का समूह गान किया गया।

### 5. सदन की कार्यवाही का अनिश्चितकाल के लिए स्थगन

पूर्वाह्न 10.37 बजे विधान सभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की गई।

**राजकुमार पांडे**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल :**
**दिनांक : 27 जुलाई, 2012**